वार्षिक गतिविधि सत्र 2019-2020

हमारे विद्यालय (केन्द्रीय विद्यालय क्रं-1 उधमपुर)के संगीत कक्षा में अनेक प्रकार के वाद्ययंत्र उपस्थित हैं जैसे हारमोनियम, तबला, ढोलक, ढफली, खंज्जारी, करताल, कंसी, ट्रायंगल, ड्रम, स्नारे ड्रम, नाल, कांगो, चांगो, कीबोर्ड, ड्रम सेट इत्यादि | जिसमे कुछ वाद्ययंत्रो का प्रयोग बच्चों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्रातःकाल प्रार्थना सभा व कक्षा में किया जाता है तथा कुछ वाद्यों का प्रयोग मात्र शिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण में किया जाता है ताकि विद्यार्थी उन्हें उन्नत ढंग से सीख सकें और उन्नत रूप से समझ सके |

स्पीक मेके कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के अंतर्गत कई उन्नत कलाकारो को आमंत्रित किया जाता है |साथ-साथ उनका विद्यलय में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमे विद्यार्थी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं| कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थी अपनी संगीत के प्रति जिज्ञासा दिखाते हुए संगीत कलाकारों से अनेक प्रश्न पूछते हैं साथ ही कलाकार उन्हें संतुष्ट कर उन्हें संगीत के प्रति प्रोत्साहित भी करते हैं|परन्तु हमारे विद्यालय (केन्द्रीय विद्यालय क्रं-1 उधमपुर) में पिछले सत्र 2019-20 में यह आयोजन नहीं हो पाया है |

रुट्स टू रूटस

यह कार्यक्रम प्रतिदिन विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा दी गई समय सारिणी व रुट्स टू रूट के अंतर्गत विरसा(VIRSA ONLINE CLASS) द्वारा दी गई समय सरणी के अनुसार दिखाया जाता है| जिसमे प्रतिदिन (शनिवार व रविवार छोड़कर)भिन्न-भिन्न कलाकार विभिन्न प्रकार के गायन व वाद्ययंत्र आदि गाकर व बजाकर बच्चों को अवगत कराते हैं | इसके साथ साथ उसमे योगा, रंगमंच, गणित, विज्ञान आदि विषयों पर भी चर्चा कि जाती है | सत्र के प्रारम्भ व माह के प्रारम्भ में ही समय से पूर्व बच्चों को बता दिया जाता है की किस दिन किस कलाकार से उन्हें

रुबरु कराया जायेगा | सत्र 2019-20 में बच्चों को भलीभांति कक्षा में दिखाया गया जिसमे श्री विशाल वर्धन द्वारा **बांसुरी**, श्री मुकेश गंगानी द्वारा **कत्थक,** श्रीमती रूचि गुप्ता द्वारा **भरतनाट्यम**, श्री प्रकर्ष द्वारा **गिटार**, अर्चना जी द्वारा **योगा,** श्री विवाकर चौधरी द्वारा **तबला** आदि के बारे में बताया गया | जिससे विद्यार्थी लाभान्वित होते रहते हैं |

<u>संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का संचालन</u>

हमारे विद्यालय में सत्र 2019-20 में सी.सी.ए गतिविधि के अंतर्गत व पर्व त्योहारों को विद्यार्थियो द्वारा किये गए कार्यकर्मो के द्वारा बड़े धूम धाम से मनाया गया | जैसे-

प्रस्तुत रिपोर्ट- डॉ. सिंकी कुमारी

- अप्रैल माह में **पहली कक्षा के आगमन** की खुशी में, दूसरी कक्षा के बच्चों के द्वारा कार्यक्रम किया गया जिसमे बच्चों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत किये |

- मई माह में विद्यालय में **वार्षिकोत्सव** मनाया गया जिसमे बच्चों द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जैसे सरस्वती वंदना, स्वागत गीत,नृत्य नाटिका इत्यादि |

- जून व जुलाई माह में सी.सी.ए के अंतर्गत **आनंदवार(funday)** व **समूह गायन प्रतियोगिता** प्रस्तुत किया गया |

प्रस्तुत रिपोर्ट- डॉ. सिंकी कुमारी

- उसी प्रकार अगस्त माह में **स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पे बच्चों द्वारा समूह गान प्रतोयोगिता आयोजित किया गया तथा **रक्षाबंधन** व **कृष्णा जन्माष्टमी** के उपलक्ष्य पर बच्चों द्वारा मनमोहक गायन के साथ नृत्य प्रस्तुत किये गये |

- सितम्बर- अक्टूबर- नवम्बर माह में भी विद्यार्थियों द्वारा अन्य कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए, जैसे- **शिक्षक दिवस** के अवसर पर, **दिवाली** के अवसर पर, नाटक तथा समूह नृत्य प्रस्तुत किये गये | **"एक भारत श्रेष्ठ भारत"** के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में हमारे विद्यालय (केन्द्रीय विद्यालय क्रं-1, उधमपुर) के छात्र छात्राओं द्वारा सराहनीय प्रस्तुति दी गयी |

प्रस्तुत रिपोर्ट- डॉ. सिंकी कुमारी

- तत्पश्चात दिसम्बर माह में बच्चों द्वारा **स्थापना दिवस** पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा **क्रिसमस** के उपलक्ष्य पर गीत नृत्य की प्रस्तुति अत्यन्त सराहनीय रही |

<u>प्रस्तुत रिपोर्ट:</u>

डॉ. सिंकी कुमारी

पी.आर.टी संगीत

के.वी. नंबर -1, उधमपुर, जम्मू और कश्मीर